# CHAUDHARY CHARAN SINGH UNIVERSITY,
# MEERUT, UTTAR PRADESH

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

## *7.1.11 KRANTI DIWAS*




**KARGIL DIWAS CELEBRATION**
**26-07-2021**
**Department of Fine arts**

# साहित्यिक–सांस्कृतिक परिषद
## चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
(पूर्ववर्ती मेरठ विश्वविद्यालय, मेरठ)

प्रो० वाई. विमला
अध्यक्ष एवं प्रतिकुलपति

प्रो० विघ्नेश कुमार
समन्वयक
दिनांक : 19.11.2021

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक /शैक्षणिक विभाग/
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यगण,
समस्त सदस्य साहित्यिक–सांस्कृतिक परिषद,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय : आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत क्रान्ति पर्व मनाये जाने के सम्बन्ध में।
सन्दर्भ : शासनादेश शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध संख्या–2533/सत्तर–3–2021 उच्च शिक्षा अनुभाग–3 दिनांक : 22 अक्टूबर, 2021।

महोदय/महोदया,

शासनादेश के अनुपालन में तथा माननीय कुलपति जी से प्राप्त निर्देशनुसार 26, 27 एवं 28 नवम्बर, 2021 को अपने–अपने महाविद्यालय/विभाग में "क्रान्ति पर्व" के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम, संगोष्ठी, प्रतियोगिताएँ आयोजित की जानी है–

| क्र.सं. | कार्यक्रम | दिनांक | समय | स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | "क्रान्ति पर्व" प्रतियोगिता (ज्ञात अल्पज्ञात–अज्ञातनामा क्रान्तिकारियों के सम्बन्ध में जानकारी पर आधारित बहुविकल्पीय प्रतियोगिता Multiple Choice Question) | 23.11.2021 | प्रातः 10:30 से 10:50 बजे तक | सभी विभागों मे विभागाध्यक्षों/निदेशकों/महाविद्यालय के प्राचार्यों के मार्गदर्शन मे |
| 2. | लोक कलाकार श्री ब्रह्मपाल नागर द्वारा रागिनी–गायन प्रस्तुति एवं प्रमाण पत्र वितरण | 26.11.2021 | प्रातः 10:30 से 01:00 बजे अपराह्न तक | नेताजी सुभाष चन्द बोस प्रेक्षागृह |

विश्वविद्यालय परिसर मे साहित्यिक–सांस्कृतिक परिषद द्वारा प्रश्नपत्र उसी दिन सीलबन्द लिफाफे मे विभागाध्यक्षो को उपलब्ध करा दिये जायेगें।

सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानो के प्राचार्यगण/सक्षम अधीकारीगण महाविद्यालयो/संस्थानो की साहित्यिक–सांस्कृतिक परिषदों के सहयोग से इसी दिन अर्थात 23.11.2021 को अपने स्तर से प्रश्नपत्र बनवाकर उक्त प्रतियोगिता आयोजित करवाने, उसका मूल्यांकन कराने, प्रतिभागियों की नाम सूची एवं प्रथम व द्वितीय प्रतिभागियों के नामों एवं कक्षाओं की सूचना व्हाट्सएप नंबर 7983961531 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 26.11.2021 को परिसर स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में उक्त कार्यक्रम के दौरान मंच से प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जा सकें।

सधन्यवाद,

(प्रो० वाई. विमला)
अध्यक्ष एवं प्रतिकुलपति

19-11-2021
(प्रो० विघ्नेश कुमार)
समन्वयक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. सचिव, कुलपति को मा० कुलपति जी की सूचानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रतिकुलपति को मा० प्रतिकुलपति जी की सूचानार्थ।
3. कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ की।
4. परीक्षा नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
5. वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
6. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. कुलानुशासक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
8. चीफ वार्डन, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
9. सभी विभागाध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
10. सभी समन्वयक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
11. अभियंत्रण विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
12. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय से प्रेषित कि वह सभी समाचार पत्रों को इसके विषय में सूचित करें।

(प्रो० विघ्नेश कुमार)
समन्वयक

**Azadi Ka Amrit Mahotsav**
**19-11-2021**

# शहीदों के पोट्रेट बनाकर शहादत को नमन

## चौ.चरणसिंह विश्वविद्यालय में पुलवामा के शहीदों के ललित कला विभाग के छात्र-छात्राओं ने बनाए पोट्रेट

जागरण संवाददाता, मेरठ : सीआरपीएफ के उन 40 जवानों को देश कभी भूल नहीं सकता, जो पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हो गए थे। 14 फरवरी 2019 को शहीद हुए इन भारत माता के वीर सपूतों को पूरा देश नमन करता है। गुरुवार को चौ. चरणसिंह विश्वविद्यालय में सभी शहीदों को एक अलग तरीके से श्रद्धांजलि दी गई। ललित कला विभाग के छात्र-छात्राओं ने अपने हाथ से सभी शहीदों के पोर्टेट बना भावसुमन अर्पित किया।

गुरुवार को देशभक्ति गीतों के बीच सभी शहीदों के पोर्टेट लगाए गए, जिसे देखकर सभी भावविभोर हो गए। कुलपति प्रो. तनेजा ने कहा कि पुलवामा में देश की रक्षा के लिए शहीदों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। छात्रों ने जिस तरह से उनके चित्र बनाए हैं, वह उनके अंदर देशभक्ति की भावना को बताता है। कुलपति प्रो. एनके तनेजा, प्रतिकुलपति प्रो. वाई विमला सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों और शिक्षकों ने शहीदों के चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की संयोजक डा. अलका तिवारी रहीं।



गुरुवार को चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए पुलवामा के शहीदों के चित्र • जागरण

### 37 छात्र-छात्राओं ने सात दिन में बनाई शहीदों की तस्वीरें

14 फरवरी से 20 फरवरी तक 37 छात्र-छात्राएं इस काम में जुटे रहे। सभी शहीदों के पोर्टेट में छात्रों ने उनके नाम और वह किस जिले और प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं, उसका भी उल्लेख किया है। 37 छात्रों ने 40 चित्र तैयार किए हैं। छात्र वैभव और छात्रा वीनू ने बताया कि पुलवामा के शहीदों के चित्र इंटरनेट से निकालकर उनके चित्र बनाए। एक छात्र को चित्र बनाने में चार दिन लगे।

**आर्ट गैलरी में लगेंगे चित्र :** शहीदों के चित्रों को विश्वविद्यालय में अलग-अलग महत्वपूर्ण जगहों पर लगाया जाएगा। प्रतिकुलपति प्रो. वाई विमला ने कहा कि शहीदों के ये चित्र युवाओं में देशभक्ति की भावना भरेंगे।

### शहीद मेजर मनोज तलवार की प्रतिमा पर माल्यार्पण 23 को

जागरण संवाददाता, मेरठ : शहीद मेजर मनोज तलवार की प्रतिमा पर रविवार को माल्यार्पण किया जाएगा। इससे पहले पेंट व लाइटिंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। शिलापट में उद्घाटन के समय से ही त्रुटियां थीं जिसे अब ठीक कराया जा रहा है। सुबह नौ बजे माल्यार्पण के दौरान एमडीए वीसी, शहीद के परिजन व जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि कमिश्नरी आवास चौराहे पर 2002 में स्थापित की गई इस प्रतिमा को हटाकर फुटपाथ पर लगा दिया गया था। जिसका विरोध हुआ तो एमडीए ने अब फिर से उसी स्थान पर प्रतिमा लगा दी जहां पहले थी।

**Salute to martyrdom by making portraits of Martyrs**
**21-02-2020**
**Department of Fine arts**




**Kranti Diwas Celebration**
**08-05-2018**
**Sahityik Sanskritik Parishad**




**Kranti Diwas Celebration**

**08-05-2018**

**Sahityik Sanskritik Parishad**




**Kranti Diwas Celebration**
**08-05-2018**
**Sahityik Sanskritik Parishad**




**Kranti Diwas Celebration**
**08-05-2018**
**Sahityik Sanskritik Parishad**




**Kranti Diwas Celebration**
**08-05-2018**
**Sahityik Sanskritik Parishad**




**Kranti Diwas Celebration**

**08-05-2018**

**Sahityik Sanskritik Parishad**




**Kranti Diwas Celebration**
**08-05-2018**
**Sahityik Sanskritik Parishad**